सं. सीबीएसई/सीई/एसपीएस/2021 दिनांक: 01.12.2021

सेवा में

केंद्र अधीक्षक / प्रधानाचार्य

टर्म- I परीक्षाएं (2021-22)

सीबीएसई से संबद्ध स्कूल

विषय: प्रश्न पत्रों के मुद्रण के संबंध में

प्रिय महोदया / महोदय,

आप जानते हैं कि सीबीएसई टर्म- I परीक्षाओं में लगभग सभी विषयों के प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी में अलग-अलग उपलब्ध करा रहा है।

यह ध्यान में आया है कि कुछ परीक्षा केंद्र प्रश्न पत्रों के अंग्रेजी और हिंदी दोनों संस्करण प्रिंट कर रहे हैं और उसके बाद ये छात्रों को वितरित किए जा रहे हैं। यह सीबीएसई द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार नहीं है।

यह वांछित है कि पहले प्रश्न पत्र का केवल अंग्रेजी संस्करण मुद्रित किया जाए और छात्रों को दिया जाए। हिंदी संस्करण प्रश्न पत्र केवल तभी मुद्रित किया जाता है जब किसी अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र के हिंदी संस्करण की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार जहां अभ्यर्थियों द्वारा हिन्दी माध्यम अपनाया गया है, वहां परीक्षा केन्द्रों को पहले प्रश्न-पत्र का हिन्दी संस्करण मुद्रित करके विद्यार्थियों को उपलब्ध कराना चाहिए। अंग्रेजी संस्करण का प्रश्न पत्र केवल तभी मुद्रित किया जाना चाहिए जब किसी छात्र द्वारा इसकी आवश्यकता हो।

इस पर कृपया आवश्यक कार्रवाई कर लें।

भवदीय

(डॉ संयम भारद्वाज)

परीक्षा नियंत्रक